# वर्तमान दौर में मीडिया की भूमिका मॉ जैसी–टी डोलकर

माउण्ट आबू, 5 मई, निसं। मीडिया का काम जोड़ने का है ना कि तोड़ने का। सूचना संप्रेषण का सशक्त माध्यम है मीडिया इसकी भूमिका इतनी सक्षम है कि वह लोगों के विचारों में बदलाव ला सकता और  बदलाव से ही साफ एवं सुथरे समाज का निर्माण किया जा सकता है। वर्तमान दौर में मीडिया की भूमिका एक मॉ के जैसी है जो चाहे तो अपने बच्चे को भगवान बना दे और चाहे तो शैतान। उक्त उदगार आल इंडिया रेडियो की संयुक्त महानिदेशक टी० डोलकर ने व्यक्त किये। वे ब्रह्माकुमारीज संस्था के ज्ञान सरोवर में आयोजित मीडिया सम्मेलन में भारत तथा नेपाल से आये सैकड़ें मीडियाकर्मियों को सम्बोधित कर रही थी।

आगे उन्होंने कहा कि आज कही ना कही मीडिया का दायित्व बोध कम होता जा रहा है। मीडिया को सच्चाई और ईमानदारी से नाइंसाफ लोगों को इंसाफ दिलाने तथा समाज में बढ़ रही कुरीतियों को रोकने का सार्थक पहल करना करना चाहिए। आज अधिकतर मीडिया में तड़काने और भड़काने वाले समाचारों को ही प्रमुखता दी जाती है। जिसके कारण समाज की सामाजिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ब्रह्माकुमारीज संस्था इस क्षेत्र में जो पहल कर रही है वह सराहनीय है।

ब्रह्माकुमारीज संस्था की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने कहा कि दैहिक भेदों में  समाज बंट रहा है। परमात्मा शिव ने इस दुनिया को बदलने की जो मुहिम छेड़ी है उससे दैहिक भावनाओं से उपर उठते हुए आत्मिक भावना को बल मिलता है। इससे ही हमारे विचारों में बदलाव आयेगा। हम सब एक परमात्मा के है उसी अनुभूति में अपने स्थित रहना है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० डा० मानसिंह परमार ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में विश्व में निरन्तर अशांति बढ़ती जा रही है। अश्लीलता से लोगों के मन विकृतियां हावी हो रही है। जिसकी वजह से एक अलग प्रकार की अशांति फैल रही है। और समाज में असुरक्षा एवं भय का माहौल बनता जा रहा है।

ब्रह्माकुमारीज संस्था के महासचिव ब्र० कु० निर्वेर ने कहा कि आज जिस तरह से दुनिया में हथियारों का होड़ बढ़ रही है वह चिंताजनक है। क्योंकि जिस तरह से व्यक्ति का मन प्रदूषित होता जा रहा है उससे शांति के बजाए अशांति ही बढ़ रही है। इसलिए विश्व में शांति एवं सदभाव के लिए जरूरी है कि हम आंतरिक शक्तियों को बढ़ायें। यही इस सम्मेलन का उददेश्य है। मीडिया प्रभाग के अध्यक्ष ब्र कु ओम प्रकाश ने कहा कि आज की मीडिया चार सी अर्थात क्रिकेट, क्राईम, सेलिब्रिटी पर ही केन्द्रित होकर रह गया है। मीडिया को इससे उपर उठते हुए सामाजिक सरोकार एवं आम आदमी के लिए भी कार्य करने के बारे में सोचना चाहिए। मीडिया प्रभाग के उपाध्यक्ष ब्र० कु० करूणा ने आये मीडियाकर्मियों का आह्वान करते हुए कहा  कि सामूहिक रूप में एक ऐसा प्रयास करें जिससे बेहतर समाज बने।

वरिष्ठ पत्रकार एवं मुल्यानुगत मीडिया अभिक्रम समिति के राष्ट्राय कोआर्डिनेटर प्रो० कमल दीक्षित ने कहा कि हम अपने जीवन में एक ऐसी साफ और स्वस्थ प्रवृत्ति बनाये जिससे हमारी कार्यशैली प्रेरणास्रोत बनें। सामाजिक परिवर्तन के लिए मीडिया को लगातार प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम का दीप जलाकर विधिवत उदघाटन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सुरमंदिर डांस एकेडेमी कटक, उड़ीसा के कलाकारों ने नृत्य डांस प्रस्तुत कर लोगों का स्वागत किया। मीडिया प्रभाग के मुख्यालय संयोजक ब्र० कु० शांतनु ने सभी का धन्यवाद तथा कार्यक्रम का संचालन ब्र० कु० चन्द्रकला ने किया।